## जन्माष्टमी पर्व के दूसरे दिन भी शहर में उत्सव

# बच्चों ने दी मनोहारी प्रस्तुति : जगह- जगह फूटी मटकियां

**नवभारत, जबलपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में जन्माष्टमी पर सभी घरों और मंदिरों में देर रात तक पूजन अर्चन का सिलसिला जारी रहा। वहीं से जन्माष्टमी पर्व के दूसरे दिन भी शहर में अनेकों जगह पर मटकी फोड़ का आयोजन किया गया, वहीं सभी घरों में छोटे-छोटे बच्चे नन्हे कान्हा ने सभी का मन भा लिया। वही गली-गली में कृष्ण जन्माष्टमी और उसके अगले दिन भी बच्चों बड़ों सभी के द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया।



### स्वरलहरियों और नृत्यांगनाओं ने बाँधा समां

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, भोपाल एवं संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर, केसरवानी समाज, बड़ा फुहारा प्रांगण में भव्य श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन दिव्य उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर प्रदेश का एकमात्र महिला बैंड, नाट्य लोक संस्था श्री जानकी बैंड ऑफ वूमेन ने अपने परिकल्पक एवं निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर के नेतृत्व में मनोहारी प्रस्तुति दी। इस आध्यात्मिक पर्व पर रवि गुप्ता (प्रबंध न्यासी), विनोद केसरवानी, वीरेंद्र केसरवानी, श्यामसुंदर केसरवानी (ट्रस्टी), एड. राजेंद्र गुप्ता, डॉ. नीरज केसरवानी, रामकुमार केसरवानी, एड. राकेश कुमार केसरवानी, यत्नेश केसरवानी, मनीष केसरी, प्रमोद केसरवानी (पिंकू), इंजीनियर गौरव गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दीक्षितपुरा में बच्चों की टोली ने फोड़ी मटकी

जन्माष्टमी पर्व पर दीक्षितपुरा रज्जू गुरु आखाड़े के पास सभी बच्चों ने मिलकर मटकी फोड़ का आयोजन किया। जिसमें पहले आंख में पट्टी बांधकर नीचे रखी मटकी फोड़ी। उसके पश्चात ऊपर वाली मटकी को भी सभी बच्चों ने पिरामिड बनाकर फोड़ा। इस आयोजन में सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों द्वारा कीए इस आयोजन में बड़ों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई। इस मौके पर अमित जैन, अंकित पटेल, सुमित जैन, देवांश चौरसिया, हनी साहू, मधुर साहू, हर्ष साहू, मयूर साहू, कार्तिक साहू अन्य सभी मोहल्ले के बच्चे ने मटकी फोड़ के आयोजन को सफल बनाया।

### बाल कलाकारों ने प्रस्तुत की श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाएँ




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शिव उपहार भवन, प्रेमनगर सेवा केंद्र में जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़ी धूमधाम और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बाल कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर मंचन किया, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।ब्रह्माकुमारी विमला ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं।कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी पूजा ने किया।

# शक्तिभवन में अविनाश लवानिया ने किया ध्वजारोहण

**4 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुरूस्कृत**



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर परेड की सलामी ली । अविनाश लवानिया ने कहा कि राज्य शासन द्वारा ऊर्जा क्षेत्र की लोकहित योजनाओं से प्रदेश के 85 प्रतिशत से अधकि घरेलू बिजली उपभोक्ता और लगभग 26 लाख कृषि पम्प उपभोक्ता लाभान्वति हो रहे हैं। उन्होंने विद्युत कंपनियों के कार्मिकों से आह्वान कि वे सब मिलकर बिजली उपभोक्ताओं को सतत्, विश्वसनीय व किफायती बिजली उपलब्ध करवाएं। पूर्व क्षेत्र कंपनी ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए जारी की गई मार्गदर्शिका के आधार पर मुख्य रूप से 4 श्रेणियों में कार्मिकों एवं कार्यालयों को पुरूस्कृत करते हुए प्रशस्ति पत्र, रजत पदक, शील्ड एवं तृतीय तथा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों हेतु 5 हजार रूपये नगद राशि पुरस्कार के रुप में प्रदान की गई । सामूहिक श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्य रूप से वी मित्र ऐप के निर्माण एवं प्रचार-प्रसार करने वाली टीम के साथ 15 टीमों में कुल 48 कार्मिकों को पुरूस्कृत किया गया । वैयक्तिक श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 कार्मिकों को पुरूस्कृत किया गया ।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मा. संसा. एवं प्रशा.) एस. के. गिरिया सहित बड़ी संख्या में कार्मिक, सेवानिवृत्त कर्मी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित थे ।

# सुब्बाशाह में जिक्र-ए-शहीदान-ए-कर्बला का आयोजन



**जबलपुर।** मुस्लिम बहुल क्षेत्र सुब्बा शाह में हज़रत बदरुद्दीन अल मारूफ %गुड्डू बाबा% की सरपरस्ती और सैय्यद कादिर अली कादरी की रहनुमाई में जिक्र-ए-शहीदान-ए-कर्बला का आयोजन किया गया। इस मुशायरे में शहर के वरिष्ठ शायरों ने अपने कलाम और अशआर पेश कर समां बांध दिया, जिससे पूरा माहौल रूहानी और पुरसुकून हो गया। गत रात्रि आयोजित इस कार्यक्रम में कई नामी-गिरामी शायरों ने शिरकत की, जिनमें अल्हाज शेख निजामी, इलयास महशर, दानिश जैगमी, शकील दिलकश, खलील हमजा, साबिर आदिल, हाफिज असद करबलाई, परवेज परवाज़, इजहार रहमानी, सलीम वारसी, गुलाम हुसैन सुबहानी, कमर जानी, और हाफिज हामिद राजा प्रमुख थे। हर शायर ने कर्बला के शहीदों की शहादत को याद करते हुए एक से बढ़कर एक बेहतरीन कलाम और शेर पेश किए। शायरों के हर कलाम और शेर पर उपस्थित अकीदतमंदों ने अपनी अकीदत का इज़हार करते हुए खूब दाद दी। जलसे का संचालन (निजामत) मुख्तार नादिर ने बेहद खूबसूरती से किया। कार्यक्रम के अंत में, सूफ़ी नईम शाह ने सभी शायर हजरात का इस्तकबाल कर उनका शुक्रिया अदा किया।

## जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का स्थापना दिवस समारोह आज

**जबलपुर।** नगर ग्रुप द्वारा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का स्थापना दिवस समारोह आज 18 अगस्त सोमवार को संध्या 7 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षा ग्रह में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोहर लाल झंझरी (अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष), कैलाश चंद जी जैन (अध्यक्ष दिगंबर जैन पंचायत सभा), इंजीनियर विनय जैन (सचिव), अश्विन कासलीवाल जी (कोषाध्यक्ष ), आशीष सूतवाला, विशेष अतिथि सी ए मनोज जैन (अध्यक्ष महाकौशल की रीजन), संग नवनीत महेश्वरी जी (समाज सेवी) उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्य एवं बच्चे ही अपने कार्यक्रमों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। ग्रुप अधिकारियों ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# मोह ऐसा कर्म है जो सभी कर्मों में सामर्थ्यवान है





**आचार्यश्री विधासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा**

**जबलपुर।** आचार्यश्री विधासागर सभा भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्यश्री समयसागर महाराज जी ने अपने मंगल प देशना में कहा मोह ऐसा कर्म है जो सभी कर्मों में सामर्थ्यवान है। जीवसर्व शक्तिमान है, फिर भी मोह के द्वारा सारी की सारी शक्ति छीन ली है। मोह के द्वारा वह सामर्थ्य समाप्त नहीं हुआ है, किंतु वह सामर्थ्य हीन महसूस कर रहा है। मोह के कारण मोह जीत रहा है और आत्मा की हार हो रही है। इसके बाद भी मैं स्वतंत्र हूँ, ऐसा बोलता है और बोलना अलग बात है, और स्वतंत्रता महसूस करना बहुत कठिन काम है। जो जितना व्यवहारिक होगा, वह उतना परतंत्र महसूस करेगा।गुरुदेव कहा करते हैं कि आत्मकल्याण करते हुए यदि प्रभावना होती है, तो ठीक है। आत्म साधना से मुमुक्षु जीव प्रभावित होता है। आत्म तत्व का रसास्वादन बहुत कठिन है, पर पदार्थ से उसका आकर्षण दूर नहीं हो रहा है।इसलिए मोह को छोड़ो। ऐसा आचार्य ने कहा है जब तक आपका मन राग से ऊपर नहीं उठेगा, आपको शांति नहीं मिलेगी। धर्म सभा का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## एक नजर में



### रंग-बिरंगे परिधानों में देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत

**जबलपुर।** 15 अगस्त 2025 को इकिगाई किड्स में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव कुछ अलग ही रंग में सजा। इन नन्हे-मुन्ने प्री स्कूल बच्चों ने अपनी मासूम मुस्कान और प्यारी प्रस्तुतियों से हर दिल को छू लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या द्वारा ध्वजारोहण से हुई। जैसे ही तिरंगा लहराया, छोटे हाथों ने देश के लिए ताली बजाकर अपने अंदाज़ में सम्मान प्रकट किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। अभिभावक भी इस ख़ास दिन के गवाह बने और अपने बच्चों को मंच पर देखकर भावुक हो उठे।



### मां नर्मदा फूड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण

**जबलपुर।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मां नर्मदा फूड इंडस्ट्रीज में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें प्रबुद्ध जन खेमराज झारिया, गोपाल खंडेल, भावना मरावी, मीना मेहरा, सुभाष डहेरिया, जी एन के दास, सुरेश करपेती आदि उपस्थित थे।



### पीएम श्री विद्यालय सालीवाड़ा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जबलपुर।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाडा गौर जबलपुर में स्वतंत्रता दिवस का पर्व समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम के सरपंच सौरभ राय ,जनपद सदस्य मंजू गर्ग , जनपद सदस्य कपूर सोनकर तथा पंचायत के समस्त प्रतिनिधियों, एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विद्यालय की प्राचार्य आभा वानखेड़े द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात हर घर स्वच्छता, हर घर तिरंगा की थीम पर आधारित विशाल तिरंगा रैली निकाली गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के छात्र परिषद में चुने गए छात्रों को विद्यालय के पीएम श्री प्रभारी ध्रुव कुमार गोल्हानी द्वारा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक मृत्यु की प्रस्तुतियां दी। जन्माष्टमी पर्व पर आधारित पूजा की थाली सज्जा प्रतियोगिता तथा मटकी सज्जा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में ग्राम सालीवाडा के सरपंच सौरभ राय द्वारा विद्यालय में एक भवन तथा मंच निर्माण की घोषणा की गई।

# हिन्दू धर्म सेना की नई कार्यकारिणी घोषित



**जबलपुर।** हिन्दू धर्म सेना जबलपुर महानगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों को जबलपुर महानगर कार्यकारिणी की जिम्मेदारियाँ सौंपी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक-दूसरे से परिचय, संगठन की मजबूती एवं समाजहित में कार्य का संकल्प लेना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके मार्गदर्शन में सभी पदाधिकारियों ने हिन्दू धर्म, संस्कृति व समाज की रक्षा हेतु तन-मन-धन से समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। जबलपुर महानगर कार्यकारिणी 2025-26 में जिला सलाहकार समिति राजकुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश विश्वकर्मा, आदित्य झा, जिला महामंत्री कपिल रैकवार, मंत्री श्रेयांश कौरा, रितेश चंदेल, जिला संयोजक सौरभ रैकवार, सह संयोजक हर्षित सेठी, विवेक गौतेल, जिला सचिव आकाश रैकवार सह सचिव अभिनव सुखलाल, मीडिया प्रभारी सोनू रजक, विधि प्रकोष्ठ अधि.अमित उपाध्याय, अधि अनिकेत पांडे, महिला मोर्चा में जिला अध्यक्षा अन्नू सिंह, संयोजिका वर्षा राजपूत, कोषाध्यक्ष राहुल महावर,जिला कार्यसमिति सदस्य नन्द किशोर तिवारी, मुकेश गौतम, अभिषेक जायसवाल, सुधीर झा (गोलू), तरुण नागिया सभी पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे हिन्दू धर्म सेना के उद्देश्यों धर्म की रक्षा, संस्कृति का संरक्षण और समाज की सेवा को सर्वोपरि मानकर कार्य करेंगे।



# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा छात्रों को लैपटॉप का वितरण

**जबलपुर।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत एक लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक हरेराम सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्र-1 अर्जुन सिंह बिष्ट, सहायक प्रबंधक गण एवं अन्य स्टाफ सदस्यो के अलावा लैपटॉप प्राप्त करने आये छात्रों के अभिभावकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

# सबके सहयोग के लिए जाने जाते हैं एडवोकेट अग्रवाल



**जबलपुर।** ख्यातिलब्ध अधिवक्ता स्वर्गीय जमुना प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में राइट टाउन स्थित चौराहे का लोकार्पण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) सहित सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह की अध्यक्षता रिकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर ने की। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के नामकरण प्रभारी सुभाष तिवारी रहे। कार्यक्रम में विशेष रुप से स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक डॉ- प्रदीप दुबे , विधायक अभिलाष पांडे , कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया , भाजपा विधायक नीरजसिंह , भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर , प्रोफेसर आशुतोष दुबे , रवि वाजपेयी भी शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति सेवानिवृत हाईकोर्ट जस्टिस श्रवण शंकर झा , क्षेत्रीय पार्षद अयोध्या तिवारी, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद अमरीश मिश्रा और एमआईसी सदस्य एवं पार्षदगण रहे। इस अवसर पर भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष नर्मदा पंचकोषी समिति , सचिन अग्रवाल एडवोकेट, शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट , स्पर्श अग्रवाल , संस्कार अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# श्रद्धापूर्ण वातावरण में हुई माँ मनसा की पूजा






**जबलपुर।** श्री श्री माँ मनसा पूजा समिति, विजय नगर द्वारा आयोजित श्री श्री माँ मनसा की पूजा श्रद्धापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रात:काल से ही पूजा स्थल पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालु माता मनसा के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दीपंकर बनर्जी एवं आशीष बनर्जी उपस्थित थे। धार्मिक अनुष्ठान एवं भंडारा प्रात:काल एवं संध्या दोनों समय विधिपूर्वक पूजा-अर्चना एवं भोग अर्पित किए गए। संध्या में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। प्रसिद्ध गायक सुब्रतो पात्रा की मधुर एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों ने वातावरण को पूर्णत: आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर तापस कुमार चक्रवर्ती, भोला नाथ रॉय, समीर बरन पाल, आशीष चक्रवर्ती, तापस दत्ता, अनुभा रॉय, शर्मिला पाल, तनुश्री दास, अपर्णा चक्रवर्ती आदि का योगदान रहा।

**कार्यक्रम** | **कलाकार कभी छोटे बड़े नहीं होते हैं: मंसूरी**

# आंखों-आंखों में प्यार हो जाएगा....




**जबलपुर, नवभारत।** ऑर्केस्ट्रा वेलकम म्यूज़िकल ग्रुप के तत्वाधान में गीत संगीत का प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें किशोर कुमार, मो रफी द्वारा गाए गए गीतों पर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर मंच लूटा, वही उद्घोषक अयाज़ मंसूरी के जन्म दिवस पर सभी कलाकारों द्वारा उनको बधाई भी दी गई। कार्यक्रम में रफ्ता रफ्ता, चांद सा रोशन चेहरा, ओ मेरी महबूबा, सुनिए कहिए जैसे अनेक सदाबहार नगमों की प्रस्तुति इस्तियाक अंसारी, प्रवीण सूद, जितेंद्र ठाकुर, शेखर तिलवानी, अर्चना देशमुख, प्रीति मराठा, मुबारिक खान, अनीता कांबले, किरन रंगारी, पंकज विश्वकर्मा द्वारा दी गई जिसपर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। इस दौरान मंच का संचालन राजेश सालुंके और जावेद खान द्वारा किया गया। वही कलाकारों का आभार डॉ. शोएब हसन द्वारा व्यक्त किया गया।

**इनका कहना है**



वेलकम आर्केस्ट्रा द्वारा शानदार प्रोग्राम का आयोजन किया गया था जिसमें मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के द्वारा गाए गए गीतों पर प्रस्तुतियां देखने को मिली।
**सुमन ठाकुर**



हमें मोहम्मद रफी साहब के गीतों से बहुत लगाव है। कभी कभी हम भी स्टेज पर चढ़कर उन गीतों को गुनगुना लेते हैं।
**जितेंद्र**

NH PEOPLE WHO CARE
नेशनल हॉस्पिटल
स्थान: 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S. C.S.M.A. E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग ● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगो का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेज़र द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा ( हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतो में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

FIRST TIME IN INDIA
भारत में पहली बार एक मात्र आयुर्वेदिक सेंटर जहां पर ठीक होने के बाद पैसा देना पड़ता है
स्पर्श आयुर्वेदा रिसर्च
सुरक्षित आयुर्वेदिक उपचार
1013 नरसिंह बिल्डिंग अपना बाजार के सामने रानीताल चौक, जबलपुर
मो. नं. 8234092477, 9713951308, 9302791019
विशेष- एक दिन पहले नंबर लगाये।
उपलब्ध उपचार-
शुगर किडनी हार्ट ब्लाकेज सिरोसिस सफेद दाग लकवा माइग्रेन साईटिका घुटनों में दर्द एवं गेप सेक्स प्रॉब्लम (स्त्री/पुरूष) अस्थमा
IBS PCOD/PCOS FATTY LEVER CANCER